कार्यालय, नगर पालिक निगम भिलाई

आकाश गंगा, सुपेला, जी.ई. रोड, भिलाई, जिला–दुर्ग (छ.ग.) 490023
फोन नं – 0788–2350125, ई–मेल : Bhilai-Nagar-Nigam@cg.gov.in

क्र./ **GENS/44225/2026-STENO SEC** भिलाई, दिनांक : 10/06/2026

प्रति,

1. अपर आयुक्त,
   नोडल अधिकारी (सुशासन तिहार 2026)
2. जोन आयुक्त,
   जोन–1,2,3,4 व 5
3. कार्यपालन अभियंता,
   जोन–1,2,3,4 व 5
4. सर्व विभाग प्रमुख
   नगरपालिक निगम,
   भिलाई

विषय :– सुशासन तिहार 2026 में प्राप्त आवेदनो का सकारात्मक निराकरण कर आवेदको को दिनांक 12.06.2026 को समाधान शिविर में उपस्थिति सुनिश्चित कराने बाबत्।

– 00 –

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि राज्य शासन के निर्देशानुसार संचालित 'सुशासन तिहार 2026' के अंतर्गत प्राप्त मांग/शिकायत एवं हितग्राहीमूलक योजनाओं से संबंधित आवेदनों का त्वरित एवं सकारात्मक निराकरण किया जाना है।

अतः निर्देशित किया जाता है कि आपके जोन क्षेत्रांतर्गत प्राप्त समस्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण कर यथाशीघ्र सकारात्मक निराकरण सुनिश्चित करें। निराकरण उपरांत संबंधित आवेदकों एवं हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित कराने की कार्यवाही भी समयबद्ध रूप से पूर्ण करें।

साथ ही, दिनांक 12.06.2026 को आयोजित समाधान शिविर में, जो डॉ. भीमराव अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन में आयोजित किया गया है, संबंधित आवेदकों/हितग्राहियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए। इसके लिए प्रत्येक आवेदक को दूरभाष, लिखित सूचना अथवा अन्य उपयुक्त माध्यम से पूर्व सूचना प्रदान कर समाधान शिविर में उपस्थित होने हेतु सूचित करें।

उक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करते हुए की गई कार्यवाही की जानकारी से अवगत करायें।

Digitally signed by
RAJEEV KUMAR PANDEY
Date: 10-06-2026
12:55:51

आयुक्त
नगरपालिक निगम
भिलाई

पृ.क्र./ **GENS/44225/2026-STENO SEC** भिलाई, दिनांक : 10/06/2026

प्रतिलिपि :–

1. महापौर/सभापति महोदय, नगरपालिक निगम भिलाई को सादर सूचनार्थ।
2. सर्व संबंधित वार्ड पार्षदगण, नगरपालिक निगम भिलाई को सादर सूचनार्थ।
3. मुख्य अभियंता, नगरपालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
4. अधीक्षण अभियंता I/II, नगरपालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।

5. उपायुक्त I/II, नगरपालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
6. कार्यपालन अभियंता, जलकार्य/वाहन/स्टोर्स/उद्यान/कम्प्युटर/भवन संधारण, नगरपालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
7. तकनीकी सहायक, डाटा सेंटर, नगरपालिक निगम भिलाई को निगम के वेबसाईट (आदेश फाईल) में अपलोड किये जाने हेतु सूचनार्थ।
8. अधीक्षक स्थापना, नगरपालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।

आयुक्त
नगरपालिक निगम
भिलाई